हिन्दुस्तान

बिहार ने 2.25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला: विजयलक्ष्मी

योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने कहा है कि बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय कमी लाते हुए बिहार ने लगभग 2.25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। यह राज्य की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के कारण संभव हो सका। वे गुरुवार को विभाग के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य की विकास योजनाओं का सतत विकास लक्ष्यों के साथ समन्वय अत्यंत आवश्यक है। ताकि समावेशी, सतत एवं संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। बिहार सरकार ने वर्ष 2017 में सतत विकास लक्ष्यों का विजन दस्तावेज तैयार कर सभी विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को इसके लक्ष्यों से जोड़ा है।